हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
14 मार्च 2024, समय 1810

- एक राष्ट्र एक चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी, समिति ने सभी चुनाव एक साथ करवाने के लिए 2 चरणों वाली प्रक्रिया की सिफ़ारिश की।
- हरियाणा के नये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की।
- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील व अशिष्ट कार्यक्रमों के कारण 18 शीर्ष ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाई।
- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने प्रत्येक मतदाता से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।
- हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी प्रशासनिक सचिवों एवं विभागाध्यक्षों से 5 से 10 साल की अवधि से सेवारत अनुबंध कर्मचारियों के बारे में तुरंत जानकारी मांगी।

.......................................................................................

एक राष्ट्र-एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी।

विधि और न्याय मंत्रालय के अनुसार एक राष्ट्र-एक चुनाव आकांक्षी भारत का मूल है। मंत्रालय ने कहा कि सभी सुझावों पर सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद उच्च स्तरीय समिति ने देशभर में सभी चुनाव एक साथ कराने के लिए दो चरणों वाली प्रक्रिया की सिफारिश की है। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। दूसरे चरण में नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनावों का तालमेल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव के साथ इस तरह से किया जाएगा कि नगर पालिका और पंचायतों के चुनाव लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव के बाद सौ दिन के अन्दर करा लिए जाएं। समिति ने सह सिफारिश भी की है कि सरकार की सभी त्रि-स्तरीय व्यवस्था के लिए चुनाव में एक ही मतदाता सूची और फोटो पहचान पत्र का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

.......................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सिक्ख नववर्ष के अवसर पर लोगों को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने वाहेगुरु की असीम अनुकम्पा से सभी के कल्याण और समृद्धि की कामना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुओं के ज्ञान के प्रकाश से समाज को मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

..........................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात की।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री से उनकी पहली मुलाकात के दौरान लोकसभा चुनाव और मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुसार सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने गत साढ़े नौ वर्षों में जो काम किए हैं उनसे लोगों को 'नया भारत-नया हरियाणा' की परिकल्पना साकार होती नज़र आ रही है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में अत्यधिक विकास हुआ है और उन्होंने सुशासन की मिसाल पेश की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके कार्यों को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने लोकसभा की 10 की 10 सीटों की जीतने का दावा भी किया। जननायक जनता पार्टी से गठबंधन टूटने के बारे पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तर पर यह निर्णय लिया गया है। यह गठबंधन संगठन स्तर पर नही था।

..........................................................................................

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील एचं अशिष्ट कार्यक्रमों के कारण 18 शीर्ष ओ.टी.टी. (OTT) प्लैटफॉर्म पर रोक लगा दी है। इनमें ड्रीमज फिल्मज़, हंटरज़, हॉटशॉटस वी.आई.पी., प्राइम प्ले और अनकट अड्डा ओटीटी प्लेटफॉर्म शामिल है।

इन प्लैटफॉर्म के साथ संबंधित 19 वेबसाइट 10 ऐप और 57 सोशल मीडिया एकाउंट भी भारत में अक्षम कर दिए गए है ताकि लोगों की पहुंच में न रहे। यह निर्णय अन्य मंत्रालयों एवं डोमेन विशेषज्ञों से मशविरे के बाद सचना प्रौद्योगिकी कानून 2000 के प्रावधानों के अनुसार लिया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बार बार सभी प्लैटफॉर्म द्वारा रचनात्मक अभिव्यक्ति की आड़ में अश्लील एवं अशिष्ट कार्यक्रम न परोसने की जिम्मेदारी निभाने पर जोर दिया है।

..........................................................................................

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने पेटीएम फास्टैग उपयोग करने वालों को कल से पहले किसी अन्य बैंक के फास्टैग की सुविधा लेने की सलाह दी है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि इससे फास्टैग उपयोग करने वालों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा करते समय जुर्माने अथवा दोगुने शुल्क के भुगतान से बचने में मदद मिलेगी।
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट बैंक पर प्रतिबंधों के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कल के बाद पेटीएम फास्टैग को रिचार्ज या टॉप-अप नहीं किया जा सकेगा, लेकिन इस तिथि के बाद भी पेटीएम फास्टैग में बची राशि का उपयोग टोल की अदायगी के लिए किया जा सकेगा।

...........................................................................................

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने हर 5 वर्ष बाद होने वाले लोकसभा के आम चुनाव को भारतीय परंपरा का हिस्सा बताते हुए कहा है कि इसे विश्व में सबसे मज़बूत लोकतांत्रिक प्रणाली के रूप में मान्यता मिली है।

उन्होंने इस गौरव को बनाये रखने के लिए प्रत्सेक मतदाता से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की है। श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा में पारदर्शी ढ्रग से निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसको लेकर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 10 और भारत तिब्बत सीमा पुलिस की 5 कंपतियां तैनात की जायेगी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि चुनाव का लेकर प्रारंभिक दौर की तैयारियां पूरी हो चुकी है। पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा चुनाव के मद्देनज़र विशेष तौर पर निगरानी की जा रही है और अब तक लगभग 5 करोड़ रूपयेकी कीमत की अवैध शराब एवं मादक पदार्थ पकड़े जा चुके है।

...........................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल कुरुक्षेत्र के गांव उमरी में लगभग 5 एकड़ में तैयार होने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर का उद्घाटन करेंगे।
इस दौरान उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए थानेश्वर से विधायक सुभाष सुधा ने बताया कि मंदिर के साथ-साथ यहां पर छात्रावास भी बनाया जाएगा और अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएगी।

...........................................................................................

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागाध्यक्षों से स मूह क ख और ग में 5 से 10 साल की अवधि से सेवारत अनुबंध कर्मचारियों के बारे में तुरंत जानकारी मांगी हैं।
मुख्यसचिव कार्यालय द्वारा जारी एक पत्र में मानव संसाधन शाखा को विशेष संदेशवाहक के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर प्रासंगिक जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है।

इसके लिए निर्धारित प्रोफार्मा में 7 साल से अधिक परंतु 10 वर्ष से कम की सेवा अवधि वाले अनुबंधित कर्मचारियों की कुल संख्या का विवरण मांगा गया है। इसी तरह, ऐसे अनुबंधित कर्मचारियों का भी विवरण मांगा गया है, जिनकी सेवा अवधि 5 साल से अधिक लेकिन 7 साल से कम है।

इसके अतिरिक्त, पत्र में ऐसे अनुबंधित कर्मचारियों को वर्गीकृत करने की भी आवश्यकता पर बल दिया गया है, जिन्होंने समूह क, ख और ग में 10 वर्षों से अधिक समय तक काम किया है।

.....................................................................................................

करनाल स्थित राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान ने अनुसंधान में 20 प्रतिशत निवेश बढ़ाया है।

संस्थान के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने आज एक पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्थान 2047 तक डेयरी सेक्टर दूध उत्पादन 600 मिलियन टन तक ले जाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में फिलहाल डेयरी सेक्टर का कारोबार 16 लाख करोड़ है जो 2032 तक 48 से 49 लाख करोड़ तक हो जाने की संभावना है।

श्री धीर ने कहा कि डेयरी व्यवसायिओं से उनकी जरूरत एवं समस्याओं के अनुसार सुझाव मांगे गए है, जिन्हें अनुसंधान में शामिल कर उनका समाधान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उत्तम नस्ल के पशुओं जैसे क्लोन, ओवम पिकअप या सैक्स सीमन से पैदा होने वाले पशुओं का अलग अलग समूह बनाया जायेगा।

संस्थान, डिंब संग्रहण, क्लोनिंग, सैक्स सीमन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम गर्भाधान द्वारा पशुओं को पैदा करने, दूध की गुणवत्ता में सुधार के लिए तकनीक विकसित करने, दूध की गुण्वत्ता में सुधार के लिए तकनीक विकसित करने, दूध की मूल्यवर्धन करने और बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने जैसे 4 सूत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

श्री धीर ने कहा कि संस्थान के पास 12 क्लोन है और शीघ्र ही इन क्लोन पशुओं को आम लोगों को बेचने पर विचार किया जा रहा है क्योंकि यह अधिक दूध देने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि गैर जातीय पशुओं, ऊंट, बकरी और गधी आदि के दूध पर भी शोध चल रहा है जिसमें चिकित्सीय गुणों का पता लगाने के लिए क्लीनिकल ट्रायल शुरू किए जायेंगे।

उन्होंने बताया कि कल संस्थान का दीक्षांत समारोह होने जा रहा है जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक व डेयरी सचिव पदम् भूषण से सम्मानित डॉ. आर.एस. परोदा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे।

दीक्षांत समारोह में 49 छात्रों को बी टेक, 127 को स्नातकोत्तर डिग्री और 102 छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जायेगी।